श्री सुरेन्द्र नाथ द्विवेदी: यहां तो हट गई है। मैं पूछना चाहता हूं कि कौन से हिन्दी राज्य हैं, जो हिन्दी का विरोध कर रहे हैं। कोई हिन्दी राज्य ऐसा नहीं है जो हिन्दी का विरोध कर रहा है। तो यह मूवमन्ट किस लिये है? यह मूवमेन्ट है—इम्पोजीशन के लिये, जदरबस्ती के लिये, जो नहीं मानते हैं उन पर जबरदस्ती लादी जाए—यह स्प्रिट इस के अन्दर है और जब तक यह जबरदस्ती रहेगी, मैं साफ कह देना चाहता हूं—हमारी पार्टी की तरफ से भी कई दफा साफ कहा गया है—हम मानते हैं कि हमारी राज भाषा हिन्दी होगी, इस में कोई शक नहीं है, लेकिन जब ऐसी मांग आती है कि कांस्टीट्यूशन में अमेण्डमेंट कर के अंग्रेजी को चालू रखो, तो आपको देखना होगा कि यह मांग कहां से आती है—मद्रास से आती है, दूसरी जगहों से आती है—तो आप को सोचना होगा कि नान-हिन्दी इलाके, जो कि इस देश का दो-तिहाई भाग हैं, हमारे देश का एक-तिहाई भाग हिन्दी इलाके हैं, अगर उन के साथ आप ऐसा बर्ताव करेंगे, तो सारे नान-हिन्दी इलाके इस का विरोध करेंगे और तब हम देखेंगे कि आप कैसे हिन्दी चलायेंगे।

हम हिन्दी का विरोध नहीं करते हैं और न करना चाहते हैं, लेकिन हम चाहते हैं कि यह जो काम है सब को साथ ले कर किया जाय। मैं मानता हूं कि यह हमारी पहले से गलती है—सारी दुनिया में कोई कांस्टीट्यूशन ऐसा नहीं है, जिसमें यह लिखा हो या इस प्रकार का

कोई प्रोवीजन हो कि भाषा कौन-सी होगी। हमारा जो इतिहास रहा है, उस में पहले से यह रहा है कि माइनोरिटी को देखो—इन्डीपेन्डेंस से पहले भी यह झगड़ा उठा था कि उर्दू को रखें या हिन्दी को रखें। सन् 1928 में आपको याद होगा—पं० मोती लाल नेहरू के सभापतित्व में जो एक आल पार्टी कान्फ्रेंस हुई थी वहां पर भी यह सवाल उठा था कि हिन्दुस्तान की हमारी भाषा क्या हो, उस वक्त शायद हिन्दुस्तानी को रखा गया था — ऐसा कुछ हुआ था, क्योंकि शुरू से हम माइनोरिटी को खुश रखना चाहते थे और वही बात हमारे कांस्टीट्यूशन मेकर्स के दिल में भी पैदा हुई थी कि इस बारे में हम को कुछ करना चाहिये। जब विरोध हुआ तो हिन्दुस्तानी निकाल दी गई और हिन्दी को रखा गया, जोकि नहीं होना चाहिये था। मेरे विचार में तो संविधान में ऐसा कोई प्रोवीजन ही नहीं होना चाहिये था कि हमारी भाषा क्या है। इसीलिये यह सब झगड़ा होता है। हमारी भाषा भारतीय भाषायें हैं और वही भाषायें रहेंगीं। इस देश में दूसरी भाषा नहीं चल सकती है—इसलिये इस को रखने की क्या जरूरत है, इस के लिये झगड़ा पैदा करने की क्या जरूरत है, इस तरह से यह कभी नहीं हो सकेगा।

आज क्या हालत है? आज इस बात को मानना पड़ेगा, सब को मानना पड़ेगा कि बदकिस्मती से हमारे देश में कई इलाकों के लोग हिन्दी को अभी मन्जूर करने के लिए तैयार नहीं हैं। क्यों तैयार नहीं हैं—उनका कारण वाजिब है। वह समझते हैं कि हम हिन्दी सीखेंगे, तो इतनी दूर तक जो हम आये हैं, जितनी अंग्रेजी हमने पढ़ी है, जितना हमारा कारोबार है, उस हद तक हिन्दी सीखने में, हिन्दी को अपनाने में काफ़ी वक्त लगेगा। लेकिन यदि देर तक इस को चलाया जाय. तो धीरे-धीरे अंग्रेजी हट जायेगी, इससे हम को मुश्किल भी कम होगी। इस लिए इस को फौरन लाकर इम्पोजीशन नहीं करना चाहिये। अब प्रश्न यह है कि हम उन लोगों को किस तरह से साथ ले कर चलें। अब यहां एशोरेन्स की बात आई है—हम एशोरेन्स को ज्यादा अहमियत नहीं देते हैं, वह तो एक पौलिटीकल चाल थी। प्रधान मंत्री ने लोगों को सन्तुष्ट करने के लिये कह दिया कि हम एशोरेन्स देते हैं कि जब तक सारे अहिन्दी भाषी लोग राजी नहीं होते हैं, अंग्रेजी रहेगी। उस एशोरेन्स को पूरा करने के लिये हम पार्लियामेंन्ट में विधेयक पेश करते हैं—लेकिन उसके कोई मायने नहीं हैं। कल वह विधेयक हम बदल भी सकते हैं। इसलिये उस एशोरेन्स का कोई अर्थ नहीं है। लेकिन एक बात हम को ज़रूर देखनी पड़ेगी कि जो लोग हिन्दी लाने के लिये बाध्य कर रहे हैं उन हिन्दी वालों के दिलों में एक शक आया हुआ है कि ये लोग हिन्दी नहीं सीखेंगे, क्योंकि यह सरकार कांस्टीट्यूशन के उस प्रावीजन को पूरा करने के लिये कोई ठोस कदम उठाने वाली नहीं है। जब 20 साल तक उस ने नहीं किया, तो आगे भी करने वाली नहीं है—इसीलिये उनके मन में शक है। जिस तरीके से यह विधेयक आया है, उस से यही जाहिर होता है कि यहां पर अंग्रेजी को कुछ दिनों तक रखेंगे। मैं मानता हूं कि प्रोलौंग्ड बाइलिंगुलिज्म इस देश में कुछ दिनों तक रहेगा, लेकिन हम को देखना चाहिये कि अंग्रेजी भाषा क्यों जरूरी है? मैं यह मानता हूं कि जिस देश में दो प्रतिशत लोग भी अंग्रेजी भाषा को नहीं जानते, उस देश में अंग्रेजी भाषा ज्यादा दिन तक चलेगी — यह सम्भव नहीं है। लेकिन उन लोगों को राजी करने के लिये यह ज़रूरी है कि हम ऐसे कुछ कदम उठायें, ऐसा प्रावीजन रखें कि उनके दिल में जो यह शक पैदा हो गया है कि हिन्दी हम पर लादी जा रही है, यह शक दूर हो जाए।

जहां तक मैंने इस बिल को पढ़ा है, इसमें इधर-उधर कोई परिवर्तन होना चाहिए तो वह संशोधन कर लें, लेकिन वैसे यह बिल हिन्दी का विरोधी नहीं है। हिन्दी किस तरह

[श्री सुरेन्द्र नाथ द्विवेदी]

से सर्वसम्मति से चालू होगी, इस के लिये कुछ रास्ता इस में सुझाया गया है, रास्ता निकाला गया है । इसीलिये जो रेजोल्यूशन आया है, मैं उस को भी बहुत महत्व देता हूं । यह रेजोल्यूशन पहले से आना चाहिये था । यह गवर्नमेन्ट का फर्ज था कि कांस्टीट्यूशन में 343 से 348 तक जो धारायें रखी गई हैं, उनको काम में लेती, लेकिन अभी तक कुछ नहीं किया, अब इस विधेयक के साथ उस को लाये हैं । हम जानते हैं कि इस सरकार ने इस कांस्टीट्यूशन के अनुसार प्राइमरी एजूकेशन के लिये क्या किया, प्राहिविशन के लिये क्या किया, डिस्पैरिटी हटाने के लिये क्या किया, कांस्टीट्यूशन के इन सारे प्रावीजन्ज को काम में लाने के लिये क्या किया— कुछ काम नहीं किया है । यह निकम्मी सरकार है इस को हटाओ ।

मैं आपसे कहना चाहता हूं कि यह विधेयक हिन्दी के खिलाफ़ नहीं है, इस विधेयक में केवल देश के अहिन्दी भाषा भाषी लोगों के लिये व्यवस्था की गई है । मैं बार बार इस बात को दोहराना चाहता हूं कि यदि हम इस प्रकार की व्यवस्था नहीं करेंगे तो हम अपने देश के दो-तिहाई लोगों को क्या तसल्ली देंगे, उनमें सिर्फ मद्रास के डी०एम० के० वाले भाई नहीं हैं, मैं खुद भी आपके सामने खड़ा हूं मैं भी हिन्दी भाषी नहीं हूं— इसलिये हम ऐसी चीजों के पीछे नहीं जायेंगे, जिसमें झगड़ा हो, हम उस रास्ते को कभी अख्तियार नहीं करेंगे जिसमें हमारी एकता भंग हो । ये जो हमारे भाई हैं, जो अहिन्दी भाषी हैं, जो सारे देश में फैले हुए हैं, उन की अवज्ञा कर के, उन को छोड़ कर, क्या हम आगे बढ़ सकेंगे । यह बात आज हम को पार्लियामेन्ट में विचार करनी है । इस दृष्टि से यदि हम देखते हैं तो यह जो विधेयक आया है इस में जो प्रावीजन किया गया है, वही ठीक है ।

16·09 HRS.

[SHRI G. S. DHILLON *in the Chair.*]

एक मांग है कि हिन्दी पूरी तरह अमल में लाने के लिए एक टाइम लिमिट कर दी जाय कि पांच साल के अन्दर हिन्दी चालू हो जाएगी तो वह भी इस तरीके से हिन्दी लादने की ही बात होगी क्योंकि लोगों को मालूम नहीं है कि अभी इस को लाने में कितना समय लगेगा, कितने साल लगेंगे? हिन्दी पांच साल की अवधि में लाने के लिए आप ने क्या प्रबन्ध किया है आप ने अहिन्दी भाषी प्रान्तों में, कि वहां पर पांच साल के अन्दर उन को इतनी दक्षता हो जाएगी कि वह सब काम-काज हिन्दी में भली-भांति चला सकें? क्या प्रबन्ध आप ने इस के लिए किया है कि पांच साल के अन्दर जैसे मैं आज अंग्रेजी में बोल सकता हूं वैसे ही मैं हिन्दी में भी बोल पाऊंगा? मेरी समझ में ऐसी दक्षता नहीं हो पायेगी । इसलिए इस बारे में कोई टाइम लिमिट करना और वह भी आज के हालात में जब कि इतनी मुखालफ़त हो, उचित नहीं है और अगर वैसा हम करते हैं तो जिस उद्देश्य से हम यह विधेयक पास करना चाहते हैं वह उद्देश्य बिलकुल बर्बाद हो जायगा, नष्ट हो जायगा । वह उद्देश्य काम में नहीं आयेगा । मैं नहीं समझता हूं कि आज की हालत में इस तरह की कोई टाइम लिमिट फिक्स करनी जरूरी है । आज जो लोग कहते हैं कि इस तरह का विधेयक लाना बिलकुल अनकांस्टीट्यूशनल है, यह संविधान के विपरीत है तो मेरा कहना है कि वह तो जिस रोज 1963 में हम ने यह विधेयक ग्रहण किया उसी दिन से हम ने अनकांस्टीट्यूशनल काम करना शुरू कर दिया । सन् 1965 की जो अवधि हम ने रक्खी थी हिन्दी को पूरी तरह से अमल में लाने के लिए, वह लानी सम्भव नहीं दिखाई दे रही थी इसलिए सन् 1963 में ही कांस्टीट्यूशन को तोड़ कर और विधेयक करके यह कर दिया कि अंग्रेजी हिन्दी के साथ रहेगी : इसलिए जो इस संशोधन विधेयक को अनकांस्टीट्यूशनल होने की बात करते हैं तो वह तो उस तरह से पहले से ही सन्

1963 ने ही अनकांस्टीट्यूशनल था इसलिए यह अनकांस्टीट्यूशनल होने की बात आज नहीं उठती है । मेरी समझ में हमारे जो हिन्दी भाषी लोग हैं उन का इस बारे में अपेक्षाकृत अधिक कर्त्तव्य व दायित्व है कि वह प्रेम से अपने साथ अहिन्दी भाइयों को हिन्दी की दिशा में ले चलने का धीरे-धीरे प्रयास करें। इस चीज में सेंटीमैंट की बात आ गई है, कुछ पालिटिक्स की भी बात आ गई है और अगर हम इस पालिटिक्स को छोड़ कर विचार करें तो मैं समझता हूं कि हिन्दी देश में चालू होने के लिए ज्यादा वक्त नहीं लगेगा। लेकिन हम जरूरत से ज्यादा अगर इसी को दुहरायेंगे, इसी पर इम्फैसिस देंगे तब मैं समझता हूं कि यह देश टुकड़े-टुकड़े हो जाएगा। आखिर कैनाडा एक छोटा सा देश है लेकिन उस में कई भाषाएं हैं, इजरायल में भी इसी तरह २-३ भाषाएं हैं तो हमारे इतने विशाल देश में अगर कुछ दिन तक एक से अधिक भाषा चले तो इस में हमें घबड़ाना नहीं चाहिए । हमारा देश मल्टीलिंग्वल है, काफ़ी रीजनल लैंग्वेजेज यहां पर हैं और हम ने कांस्टीट्यूशन में उन के लिए प्राविजन किया है और कांस्टीट्यूशन में फिर अमैंडमेंट आता है कि अमुक प्रादेशिक भाषा को भी उस सूची में शामिल करो। कहने का अर्थ यह है कि हमारे देश में काफ़ी प्रादेशिक भाषाएं हैं और संविधान ने उन्हें मान्यता भी प्रदान की हुई है ऐसी हालत में क्या बिगड़ता है। अगर कुछ दिन तक हमारे देश में दो भाषाएं चलें? आखिर देश की एकता हम सब के लिए सर्वोपरि होनी चाहिए । अब अगर कोई मुझ से पूछे कि तुम देश की एकता चाहते हो या हिन्दी चाहते हो तो मैं फौरन जवाब दे दूंगा कि भाई हिन्दी ५, १०, या २० साल के अन्दर भले ही आवे उस से कुछ विशेष नहीं बिगड़ने वाला है लेकिन देश की एकता का खतरा हम एक क्षण के लिए भी नहीं मोल ले सकते। आज हमारे सामने प्रश्न देश की एकता, इंटैग्रिटी और यूनिटी की रक्षा करने का है और उस की रक्षा करने का रास्ता सिर्फ यही है, अन्य कोई रास्ता नहीं है कि हमें सब को साथ में लेकर चलना पड़ेगा। मैं फिर एक दफा यह निवेदन करना चाहता हूं कि बाहर से जो आन्दोलन होता है और भीतर हम जिस तरीके की कार्यवाही कर रहे हैं उस पर हम जरा गम्भीरता से विचार करके देखें कि इसके परिणामस्वरूप कहीं हम देश की एकता को तो कमजोर नहीं कर रहे हैं। अभी भी देश में कहीं से यह मांग उठ रही है कि इस कांस्टीट्यूशन को बदलो, कांस्टीट्यूशन को हटा दो और अगर देश में इसी प्रकार का बर्ताव चलता रहा तो यह प्रवृत्ति घटने वाली नहीं है बढ़ने ही वाली है और देश की एकता छिन्न-भिन्न हो जायगी। इसलिए मैं समझता हूं कि यह जो भाषा सम्बन्धी संशोधन विधेयक हमारे सामने प्रस्तुत है उस को हम सब को मंजूर कर लेना चाहिए क्योंकि इस में मैं एकता को कायम रख सकने की आशा देखता हूं।

भाषा सम्बन्धी डिबेट जो सन् 1963 में सदन में हुआ था उस का मैं अध्ययन कर रहा था तो उस समय डी० एम० के० के जो यहां नेता होते थे श्री मनोहरन, उन का उस वक्त यह कहना था कि जब तक हम एग्री न हो जायें। तब तक इसको मत करो। अब एग्री करने का दायित्व किस का है? मैं आशा करता हूं कि वह लोग भी आज नहीं तो कल, वह दिन आने वाला है, जब इस के लिए एग्री हो जायेंगे, क्योंकि अगर उन को तामिल के प्रति श्रद्धा है, तामिल भाषा के लिए श्रद्धा है तो मैं समझता हूं कि उसी तरीके से उन को और भी भारतीय भाषाओं के लिए श्रद्धा होगी। अब जाहिर है कि भारतीय भाषाओं के लिए श्रद्धा होनी है तो देश में हिन्दी के सिवाय और कोई भी अन्य भारतीय भाषा इस देश की लिंक लैंग्वेज नहीं हो सकती है। वह भी कुछ दिन के बाद इसे मंजूर करेंगे।

आज करीब-करीब हमारा फैसला हो गया है कि युनिवरसिटीज में एजूकेशन का मीडियम रीजनल भाषा होगी और वहां पर पढ़ाई रीजनल लैंग्वेज में चलेगी और अगर यह चलती

[श्री सुरेन्द्र नाथ द्विवेदी]

है तो यह मानी हुई बात है कि अंग्रजी का आज जो स्थान है वह और कमजोर हो जायगा। जब अंग्रेजी कमजोर हो जाती है, रीजनल लैंग्वैज युनिवरसिटीज में होती है तो भारतीय प्रादेशिक भाषाओं का निश्चित रूप से प्राधान्य बढ़ता है। साथ ही यह भी मानी हुई बात है कि जब उन के बीच कोई एक लिंक लैंग्वैज की बात होगी तो वह किसी भारतीय भाषा को ही पसन्द करेंगे, अंग्रेजी को नहीं पसन्द करेंगे और जैसा मैंने अभी कहा वह भारतीय भाषा हिन्दी ही हो सकती है।

आज लोग पूछते हैं कि कैसे यहां पर काम चल सकेगा क्योंकि हिन्दी सारे लोग समझते नहीं हैं तो मेरा उन से कहना है कि अगर कोई भाव प्रकट करना है तो उस के लिए यह जरूरी नहीं है कि कोई एक भाषा हो ही। जब शंकराचार्य महाराज केरल से आये और वह कश्मीर तक गये तो उन्होंने किस भाषा में लोगों को अपना संदेश व उपदेश दिया? इसलिए हमें देश की एकता का मूलाधार क्या है उस को समझना चाहिए। पहली जरूरत इस बात की है कि हम देश में हिन्दी के लिए अनुकूल हवा व वातावरण पैदा करें, लोगों को प्रेम से उस दिशा में चलाने का प्रयास करें क्योंकि हम देश की एकता को बरकरार रखना चाहते हैं और इसलिए मैं समझता हूं कि जिस दिन तक हमारे दूसरे अहिन्दी भाई हिन्दी को अमल में लाने के लिए राजी नहीं होते हैं उस दिन तक हमारे देश में दो भाषायें चलें हम को कोई ऐतराज नहीं है।

इस विधेयक के द्वारा अलबत्ता एक बात उठती है और वह है कि किसी भी स्टेट को एक वीटो पावर मिल जायगी और उस के लिए हमें देखना चाहिए और आवश्यक संशोधन के लिए विचार करना चाहिए। उदाहरण के लिए मैं आप को बतलाऊं कि नागालैंड एक छोटी सी स्टेट बन गई है भले ही वह कुछ भल के कारण बनी हो लेकिन वह बन गयी है। अब उन के लिए हमारे मन में पहले से यह विचार है कि वह एक क्रिश्चियन स्टेट होगी और वह अपनी राजभाषा अंग्रेजी को करेंगे। अब अगर दूसरे भाषा-भाषियों को आप यह अधिकार देते हैं कि वह अपनी-अपनी स्टेट में अपनी खुशी के मुताबिक जो लैंग्वैज चाहें उसे चलावें तो नागालैंड वाले चूंकि समझते हैं कि उन के लिए अंग्रेजी चलाने में सहूलियत है इसलिए वह अंग्रेजी चला रहे हैं लेकिन यह गलत बात होगी। विधेयक में अभी जो प्राविजन रहता है कि नागालैंड जो एक स्टेट है वहां अंग्रेजी चलती है क्योंकि वहां के लोग ऐसा चाहते हैं तो सारे देश में अगर मेजारिटी कहती है कि हिन्दी चालू करना है लेकिन चूंकि युनेनिमिटी नहीं है तो वह नहीं चालू की जा सकती है तो यह बात गलत होगी। वह देश के लिए भी गलत होगी। इसलिए हम नहीं समझते हैं कि यह जो अभी कहा गया है उस का यह मतलब है कि सारी की सारी स्टेट राजी होगीं तभी हिन्दी को चालू किया जा सकेगा। अगर मेजारिटी स्टेट्स इस को चालू करने के लिए राजी हो जायेंगी तो उसे अमल में ले आया जायेगा। अगर एक उस के खिलाफ़ होगी तो एक के लिए पार्लियामेंट बैठी नहीं रहेगी और उसे वीटो पावर नहीं होगी और न होनी ही चाहिए। प्राविजन आप कुछ भी करें जैसा मैंने कहा अगर समूचे देश में आप हिन्दी के लिए प्रेम से व्यवहार करके अनुकूल वातावरण पैदा करते हैं, देश में इस बारे में तमाम झगड़े और प्रदर्शन आदि बन्द हो जाते हैं और उस समय अगर हर एक नौन-हिन्दी स्टेट हिन्दी को अमल में लाने के लिए राजी हो जाती है तब मेरे दिल में जरा भी शक नहीं है कि वह क्यों न समूचे देश में आ सके। भले ही उस समय एक टुकड़ा नागालैंड हो या इर्दगिर्द और कोई भाई हों जोकि इसके विरुद्ध हों तो वह उसे अमल में आने से रोक नहीं सकेंगे और सारे देश में हिन्दी चालू होगी, इसलिए हमें इस बारे में धीरज से काम लेना चाहिए।

यह बिल एक अच्छी आबहवा पैदा करता है और अगर लोगों के दिलों में इस तरह से एक

गलतफ़हमी न पैदा कर दी जाती, लोगों के अन्दर इस तरह का भ्रामक प्रचार न कर दिया जाता तो सभी लोग इस का स्वागत करते। यह मैं साफ दिल से कहता हूं कि यह जो आबहवा अब फैल गई है उस में मालूम ऐसा देता है मानों यह संशोधन विधेयक हिन्दी के विरुद्ध हो। मैं कहता हूं कि यह हिन्दी को बढ़ाने वाला बिल है, हिन्दी की अभिवृद्धि का बिल है। इस बिल द्वारा सभी देशवासियों को साथ लेकर हिन्दी को चलाने की दिशा में एक प्रयास है लेकिन अभाग्यवश आबहवा ऐसी पैदा की जाती है कि यह हिन्दी के विरुद्ध है और इस को लेकर देश में गड़बड़ी मच गई है।

सभापति महोदय, मुझे इस अवसर पर और अधिक नहीं कहना है क्योंकि जब इस पर धारा-वार विचार होगा तब जो मैंने इस पर संशोधन दिये हैं उन की रोशनी में मैं इस विधेयक पर विस्तारपूर्वक कहूंगा। मेरी समझ में एक-आध संशोधन इस में अपेक्षित हैं जैसे कि मैंने एक संशोधन इस पर दिया भी है कि अगर एक हिन्दी भाषा-भाषी स्टेट है और वह एक अहिन्दी भाषा-भाषी स्टेट से हिन्दी में वार्तालाप करना चाहती है और इस बारे में अगर उन में परस्पर राजीनामा हो जाय तो यह हो सकता है। बिल में यह प्राविजन हो। अगर नान-हिन्दी वाले हिन्दी भाषा में हिन्दी वालों से बात करना चाहते हैं या यूनियन के साथ करना चाहते हैं तो वे भी कर सकते हैं लेकिन यह काम रजामन्दी से ही हो सकता है। इस में एक बात की सफाई नहीं है। अगर हिन्दी में लिखा जाता है तो हिन्दी में जवाब आएगा और साथ में अंग्रेजी ट्रांस्लेशन आएगा। जो नान-हिन्दी वाले लिखेंगे वे अपनी भाषा में और अंग्रेजी में लिखेंगे। मैं जानना चाहता हूं कि क्या उनके पास यहां से हिन्दी में जवाब जाएगा? मुझे मालूम है कि शायद नन्दा जी जब होम मिनिस्टर थे तब उन्होंने कोई सर्क्युलर निकाला था कि जहां से जिस भाषा में पत्र आएगा उसी भाषा में उसका जवाब भी जाएगा। लेकिन इसको लागू नहीं किया गया। मैं चाहता हूं कि इस चीज को लागू किया जाए। मैं चाहता हूं कि केन्द्र के पास अगर हिन्दी में या किसी अन्य भारतीय भाषा में या अंग्रेजी में पत्र आता है तो उस पत्र का उत्तर उसी भाषा में उनके पास पहुंचना चाहिये। इस चीज को साफ कर दिया जाए तो अच्छा होगा। तब किसी के दिल में जरा भी शक नहीं रह जाएगा कि उस पर कोई भाषा थोपी जा रही है।

यह जो रेजोल्यूशन है इस में कहा गया है कि पब्लिक सर्विस कमिशन की जो परीक्षाएं होती हैं उन में हिन्दी का ज्ञान रखने की कोई ज्यादा जरूरत नहीं है। यह कह कर अंग्रेजी के बारे में कुछ नहीं कहना गलत होगा।

हिन्दी को लाने के लिए छोटे-मोटे इधर-उधर जो संशोधन करने की आवश्यकता है उन के बारे में हम बैठ कर सोच सकते हैं। इसलिए मैं कहता हूं कि यह जो विधेयक है इसको सब मंजूर करें। यह कहा गया है कि एक नैशनल कंसैंसस के आधार पर इसको तैयार किया गया है। मैं कहूंगा कि इसको हम अमल में लाएं। अगर अमल में लाते वक्त कोई दिक्कत दिखाई दी तो हाउस सुप्रीम है और वह फिर से इसमें संशोधन कर सकता है। पहले भी हम कर चुके हैं और बाद में 1968 में या 1969 में अगर आवश्यकता पड़ी तो फिर भी हम संशोधन कर सकते हैं, फिर भी हम इसको एमेंड कर सकते हैं। अगर हिन्दी को बढ़ाने के रास्ते में मुश्किलात पेश आती हैं और उसके साथ-साथ अंग्रेजी भाषा-भाषियों को या अहिन्दी भाषा-भाषियों को कोई दिक्कत महसूस होती है तो हम फिर इस में संशोधन कर सकते हैं। लेकिन मौजूदा जो देश की हालत है और जिस तरह से भांति-भांति की मनोभावना बनी है, मनोवृत्ति बनी है और जिस तरह से झगड़े पैदा हो रहे हैं, जिस तरह से टैंशन पैदा हो रहा है और लगता है कि हिन्दुस्तान जैसे टुकड़े-टुकड़े होने वाला है, इसको अगर रोकना है तो मैं निवेदन

[श्री सुरेन्द्रनाथ द्विवेदी]

करूंगा कि अभी हम इस विधेयक को मंजूर कर लें और इसको आगे बढ़ाने में हम सब मदद दें।

श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा (बाढ़) : सभापति महोदय, सदन में कुछ समय पहले जिस तरह का तनाव का वातावरण हो गया था उसमें श्री द्विवेदी जी के भाषण ने मरहम का काम किया है। मैं इसके लिए उनको बधाई देती हूं। कुछ लोगों की जुबान के कोड़े से हिन्दुस्तान की पीठ छीली जा रही थी और द्विवेदी जी ने मरहम लगा कर उस घाव को ठंडा करने की कोशिश की है।

यहां पर आध घंटा पहले कुछ लोगों ने जो वातावरण बनाया चाहे वे हिन्दी भाषी हों और चाहे अहिन्दी भाषी, मैं कहना चाहती हूं कि उन लोगों ने देश के साथ बड़ा अन्याय किया। इसको देख कर मुझे यह शेर याद आया और मैं सोचने पर मजबूर हो गई कि होश में भी हैं या नहीं।

जनू का दौर है किस-किस को जायें समझाने,
इधर भी अक्ल के दुश्मन, उधर भी दीवाने।

आखिर किया क्या जाए? लोगों को समझना चाहिये कि एक शब्द जो तीर की तरह जबान से निकल जाता है तो फिर वह लौट कर जबान पर नहीं आता है और न जानें कहां-कहां कितने गहरे घाव करता है। जब उनकी समझ में नहीं आता है यह तो मैं उनके लिए क्या कहूं। क्या मैं यह कहूं कि उनको पागलपन का दौर है। श्री श्रीकंठन नायर साहब ने क्या.....

एक माननीय सदस्य : दौड़ या दौर।

श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा : दौर।

एक माननीय सदस्य : हमने समझा था दौड़।

श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा : मुझे दुख हुआ उस सब पर जो कुछ श्री श्रीकंठन नायर जी ने और श्री कछवाय जी ने किया। उनको इस तरह की बातें नहीं करनी चाहिये थी। हिन्दी को अगर गाली दी जाती है तो यही नहीं कि यह उचित नहीं है बल्कि आप यह भी देखें कि इससे देश में इस प्रकार की हवा बनेगी कि जिस की कोई दवा नहीं होगी। साथ-साथ आप यह भी देखें कि अगर अहिन्दी भाषा भाषी लोगों के मन पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पैदा होते हैं और वे समझते हैं कि हम उनकी बात की कद्र नहीं करते हैं तो जो नुक्सान इससे पहुंचता है, उसकी भी कोई दवा नहीं हो सकेगी।

हम जब बच्चे थे तो इसी संसद् की उन दिनों की याद आज भी हमारे दिलों में ताजा है। यहां की एक-एक आवाज को सुन कर देश उठ पड़ता था और जाग जाता था। उस समय हम देश की आजादी की लड़ाई लड़ रहे थे। वह जंग हमने इसलिए नहीं लड़ी कि बिहार या उत्तर प्रदेश में आजादी आएगी और देश के दूसरे भागों में आजादी नहीं आएगी। इसलिए वह जंग हमने लड़ी कि देश के कोने-कोने में आजादी आएगी, हम सब लोगों ने खून-पसीना बहाया था इसलिए कि हमारा देश आजाद हो। उस वक्त हम सब ने साथ जीने की और साथ मरने की कसम खाई थी।

उन दिनों की बात को सोच कर ऐसा लगता है जो कि संसद् एक आवाज पर सारे देश को जगा सकता था वही संसद् आज एक आवाज बन कर देश में विघटन पैदा करने की कोशिश कर रहा है। हम इस बात को माने कि हम जो यहां बैठ कर बात करते हैं, हम लाखों-लाखों आदमियों की जबान और लाखों-लाखों आदमियों के कान और आंख से हम बात करते हैं। चाहे हिन्दी भाषी हों या अहिन्दी भाषी। हम इस को महसूस करें कि कहीं की भी कोई ऐसी चीज न हो जिससे हिन्दुस्तान की एकता भंग हो, हिन्दुस्तान की एकता को हम किसी तरह से खंडित करने में सहायक हों। और यही काफी नहीं है कि हम इस चीज को अपने मुंह से कहें। हमें चाहिए कि हमारे दिलों की धड़कनें भी इस बात को महसूस करें।

अगर आज दक्षिण भारत का, पूर्वी भारत का या उत्तरी भारत का एक कोना भी खंडित होता है तो हमारी पार्टी के लोग खून बहाने के लिए तैयार हो जाते हैं। नेफा और लद्दाख में जो कुछ हुआ, बिहार का आदमी शायद न गया होगा वहां, परंतु जब उन इलाकों को अलग करने की कोशिश हुई उससे हम सब के रोंगटे खड़े हो गए। अगर कोई हिन्दुस्तान के सुनहरे नाम पर धब्बा भी लगाने की कोशिश करता है, कारण चाहे जो हो तो, हम सब एक हो कर उसका मुकाबला करते हैं। कौन दावा कर सकता है कि वह हिन्दुस्तान से अलग हो कर कहेगा। मैं समझती हूं कि हिंदुस्तान का इतिहास हिन्दुस्तान की यथार्थता, हिन्दुस्तान की जमीन कभी हिन्दुस्तान का आसमान अलगाव, नहीं मांगेगा और न वह इसको बरदाश्त करेगा।

इस बात को मैं मानती हूं कि हिन्दी मेरी मातृभाषा है। लेकिन किन लोगों ने इस को राज भाषा माना है और किन लोगों ने इस को राज भाषा का पद दिया है? क्यों हमारे ऊपर आप इस बात की तोहमत लगाते हैं कि हम ने इसको राज भाषा बनाया है। अहिन्दी भाषियों ने ही तो इसको राज भाषा के रूप में माना है। हम यहां उस समय कहां थे इस संसद् में। हमारे बच्चे कहां थे संसद् में और पार्लिमेंट में जब आपने राज भाषा हिन्दी को माना था? क्या आपने हमारे कंधों पर हिन्दी को राज भाषा का स्थान दिलाने की जिम्मेदारी नहीं डाली थी, अपने कंधों पर यह जिम्मेदारी नहीं डाली थी? जब हम सब के कंधों पर बराबर का बोझ डाला गया है तो ये कंधे कह सकते हैं कि हिन्दी को राज भाषा बनाने की जिम्मेवारी सिर्फ हिन्दी वालों की है और अहिन्दी भाषा-भाषियों की नहीं है? आज यह कहना कि हिन्दी गलत भाषा है, आज यह कहना कि हिन्दी पिछड़ी हुई भाषा है, आज यह कहना कि हिन्दी कुछ नहीं है, यह अपने प्रति आप गद्दारी कर रहे हैं, राज भाषा के प्रति आप गद्दारी कर रहे हैं, अपने राष्ट्र के प्रति आप गद्दारी कर रहे हैं, अपनी उस संविधान सभा के साथ आप गद्दारी कर रहे हैं, जिस संविधान सभा में आपके पूर्वजों ने, आपके बुजुर्गों ने, अहिन्दी भाषा भाषी लोगों ने हमारे लिए यह तोहफा दिया था और इस तोहफे को वे हमारी झोली में दे कर चले गय थे। हमारी गोदी में आज हिन्दी आई है तो क्या हम इसको जबर्दस्ती ले आए हैं? हमारी गोदी में हिन्दी आई है इसलिए कि अहिन्दी भाषी लीगों ने उस हिन्दी का नाम लिया और उसको राजभाषा बनाया। उत्तर प्रदेश और बिहार की आवाज उस समय नहीं गूजती थी। आवाज गूंजती थी तो केरल की, मद्रास की, आंध्र की, और जैसा कि श्री ब्रह्मानन्द रेड्डी ने उस दिन हमारी सभा में कहा था कि खादी और हिन्दी देश की स्वतन्त्रता की एक अनुभूत बन गए थे, देश की स्वतन्त्रता में ऐसे लिपट गये थे कि हम जब खादी की आवाज उठाते थे तो देश की स्वतन्त्रता की दुंदुबी बज जाती थी, जब हिन्दी की आवाज उठाते थे तो हर जगह जनता के हाथ उठ जाते थे, देश की आजादी के लिए। गांधी जी ने इस भाषा के लिए जो एक सद्भाव पैदा किया था उस सद्भाव के में जबर्दस्ती वाली कोई बात नहीं थी बल्कि आप लोगों का अपना प्यार था, अपना स्नेह था। आज भी यह हिन्दी वही हिन्दी है। इस वास्ते अगर कुछ लोग इस बात की तोहमत लगाते हैं, अगर आज कुछ लोग इस तरह से गलतफहमी पैदा करने की कोशिश करते हैं कि हिन्दी अहिन्दी भाषी लीगों पर हम लादना चाहते हैं तो इस बात को मैं बिल्कुल निरर्थक समझती हूं। परन्तु मेरी समझ में एक बात नहीं आती है। और कोई कह दे कि हमारी नाक नहीं है तो हम पहले अपनी नाक को देखें या दूसरों की बात को मान कर इस बात का फैसला कर लेंगे कि हमारे मुंह पर हमारी नाक नहीं है। अगर किसी ने कह दिया कि हम हिन्दी को लादना चाहते हैं, तो अहिन्दी-भाषी राज्यों ने इस बात को क्यों मान लिया, यह मेरी समझ में नहीं आता। उन्होंने यह क्यों नहीं सोचा कि जब हिन्दी आई थी, तो उस को लाने वाले वे थे, हम नहीं।

[श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा]

हिन्दी को वे लाए थे और हम ने उनका साथ दिया था और इस प्रकार हिन्दी को यह स्थान दिया गया । कब किसी ने कहा है कि हिन्दी बहुत बड़ी है ? कब किसी ने कहा है कि हिन्दुस्तान की राष्ट्रीय भाषाओं में सिर्फ हिन्दी ही इस स्थान के लिए दावा कर सकती है, और भाषाएं नहीं ?

हिन्दुस्तान के बारे में सोचने वाले लोग उन दिनों को याद रखें, जबकि हजारों बरस पहले ये भाषाएं भी नहीं थीं, रेलगाड़ियां नहीं थीं और आने-जाने के रास्ते नहीं थे । तब भी अगर बिहार का एक आदमी सेतु-रामेश्वरम् में पूजा कर के आता था, तो बिहार के गांवों में उस की पूजा होती थी, उसका चरणामृत लिया जाता था । हिन्दू शास्त्र के अनुसार चार धामों की जो इतनी महिमा थी, उस का कोई और मतलब नहीं था, उस का मतलब सिर्फ यह था कि हिन्दुस्तान की संस्कृति के जरिये हिन्दुस्तान को एक सूत्र में बांध कर रखा जाये ।

वे चार धाम कहां-कहां थे : पूर्व में वैद्यनाथ था जहां बंगला बोली जाती थी । पश्चिम में द्वारिका था, जहां गुजराती बोली जाती थी । दक्षिण में सेतु रामेश्वरम् था, जहां तामिल बोली जाती थी और उत्तर में बदरीनाथ था, जहां पहाड़ी भाषायें और संस्कृत बोली जाती थी । इन चारों धामों की यात्रा करने वाला आदमी देवता-तुल्य हो जाता था और लोग उस के चरण धो कर उस की पूजा करते थे । उस समय हिन्दुस्तान को एक-सूत्र में बांधने के लिए न तो यह संविधान था और न ही यह पार्लियामेंट थी । वह हमारे राष्ट्र की संस्कृति, उस की एकता, यहां के लोगों का परस्पर प्यार और स्नेह था, जिस ने शंकराचार्य बुद्ध और महावीर को पैदा किया । वह थी हमारी असलियत, जिस को आज हम सब भूलते जा रहे हैं ।

कुछ लोग हिन्दुस्तान से अलग होने की बात करते हैं । वे कहां जा कर रहेंगे हिन्दुस्तान से अलग होकर ? हिन्दुस्तान के सब लोगों को सोचना चाहिए कि वे इसी मिट्टी और इसी जमीन पर घर बना सकते हैं, यहां ही अपनेपन की बात पैदा कर सकते हैं और यहां ही अपने कहला सकते हैं । उन को और कहां चिराग ले कर ढूंढ़ने पर भीपनाह नहीं मिलेगी और वे तरसते-तरसते लौट कर फिर इसी ठिकाने पर चले आयेंगे । कौन है जो हिन्दुस्तान को खंडित करने की बात करता है ? हिन्दुस्तान को न तो भाषा खंडित कर सकती है और ऐसी पार्टियां कर सकेंगी, जिस के नुमायन्दे बनकर श्री श्रीकान्तन नायर आए हैं और न वे कर सकेंगे, जिन की नुमायंदगी डी० एम० के० वाले कर रहे हैं ।

मैं इस संसद् में 1952 से आई हूं । डी० एम०के० आज हिन्दुस्तान की एकता की बात करता है । मैं उन के जीवन का पहला पन्ना खोल कर दिखाना चाहती हूं । उन्होंने कहा था कि हम हिन्दुस्तान से अलग हो जायेंगे । जिस मुंह से यह बात निकली थी, उस मुंह से आज हिन्दुस्तान की एकता की बात सुन कर मुझे यह महसूस होने लगा कि अगर कोई दिन भर का भूला-भटका आदमी शाम को घर चला जाता है, तो हमें उस को भूला-भटका नहीं कहना चाहिए । हम माफ कर देने के लिए तैयार हैं उन लोगों की उस भावना को, कि हम अपने को हिन्दुस्तान के अलग करना चाहते हैं—जिस को उन्होंने बरसों तक अपनी विचार-धारा के रूप में अपनाये रखा । लेकिन आज वे एकता की बात कर के हम को सबक देने की कोशिश न करें । एकता की भावना को हम ने उस समय देखा था, जब कि राजाजी के नेतृत्व में 1937 में मद्रास की विधान सभा ने हिन्दी के बारे में प्रस्ताव पास किया था । मद्रास को हम ने उस समय भी देखा था, मद्रास हमारे जीवन का हिस्सा है । किसने इन लोगों को हक दिया है कि ये मद्रास को अपनी थाती बना लें । पूरा हिन्दुस्तान हमारी थाती है, केवल बिहार और उत्तर प्रदेश नहीं । मद्रास और आन्ध्र प्रदेश पर हमारा भी उतना ही हक है, जितना कि वहां के लोगों का हो सकता है । उसी तरह

डी०एम०के० के सदस्यों को यह मालूम होना चाहिए कि देश का एक हिस्सा होने के नाते बिहार और उत्तर प्रदेश पर भी उन का उतना ही हक है, जितना कि उन का अपनी जमीन और आस्मान पर हक है।

इसलिए इस गलतफहमी को मैं दूर करना चाहती हूं कि हम हिन्दी को लादना चाहते हैं। जहां तक इस विधेयक का सम्बन्ध है, कुछ बातों के साथ मैं इस का समर्थन करना चाहती हूं। हम ने हिन्दी को राजभाषा का स्थान दिया और उस को उस स्थान से हटाने का किसी का इरादा नहीं है। हम सिर्फ यह चाहते हैं कि जो प्रदेश हिन्दी में काम करना चाहें, चाहे वह उनकी मातृभाषा हो या न हो,—शायद आप जानते हैं कि उत्तर प्रदेश और बिहार आदि के अलावा महाराष्ट्र, गुजरात और आसाम ने भी यह फैसला किया है कि वे हिन्दी में अपने सब कामों को करने की कोशिश करेंगे—उन पर अंग्रेजी न लादी जाये।

मैं आप को याद दिलाना चाहती हूं कि एक महाराष्ट्रियन होते हुये भी तिलक ने गीता का जो भाष्य लिखा था, उतना अच्छा भाष्य हिन्दी के किसी भाष्यकार या टीकाकार ने भी नहीं लिखा। उस किताब को केवल हिन्दी वाले ही नहीं, बल्कि अहिन्दी-भाषी भी पढ़ते हैं। हम चाहते हैं कि हिन्दी-भाषी लोगों में ऐसे लोग पैदा हों, जो हमारे साहित्य में एकता लायें। हम यह भी चाहते हैं तमिल, तेलगु, कन्नड़ और मलयालम आदि भाषाओं के अच्छे शब्द हिन्दी में समाविष्ट हों और हिन्दी में उन का प्रयोग हो। अगर हमारे देश की तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम आदि भाषायें हम पर लादी जायें, तो हम उस को सिर आंखों पर बिठाएंगे। अहिन्दी-भाषी लोग अपने आप को हम पर लादें, हम उन को कलेजे से लगा कर रखेंगे। परन्तु अंग्रेजी को हम पर लादने की कोशिश न की जाए। मैं कहना चाहती हूं कि अंग्रेजी हमारे लिए ऐसी चीज हो गई थी जिस के खिलाफ हमने आन्दोलन किया। अंग्रेज और अंग्रेजी में हम ने कोई फर्क नहीं किया। इसलिए अंग्रेजी कभी भी हमारी अपनी भाषा नहीं बनी और न कभी बनेंगी। जैसा कि श्री द्विवेदी ने कहा है, जब अंग्रेजी हमारी भाषा नहीं है, तो अंग्रेजी को उन लोगों पर न लादा जाए, जिन्हों ने हिन्दी में अपना काम करने का निश्चय किया है।

माननीय सदस्य यह भी मानें कि इस बिल की ताईद करने से पहले हम ने उन लोगों की बड़ी मिन्नत की है, जो काफी आगे बढ़ने की कोशिश करते थे। माननीय सदस्य, श्री मधु लिमये, कहते हैं कि किसी को वीटो पावर नहीं दी जानी चाहिए। मैं उन से भी मिन्नत कर के कहना चाहती हूं कि चाहे कुछ भी हो जाए, हम को यह कोशिश करनी चाहिए कि अहिन्दी भाषी प्रदेशों पर हिन्दी भी लादने की कोशिश न की जाए।

श्री मधु लिमये : कौन कर रहा है ?

श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा : इसलिए मैं श्री द्विवेदी की इस बात की ताईद करती हूं कि हम को अहिन्दी-भाषी प्रदेशों के लिए पांच या दस बरस का समय निर्धारित करने की बात यहां नहीं लानी चाहिए। परन्तु यह भी फैसला हो जाए कि हिन्दीभाषी प्रदेशों में अंग्रेजी में काम नहीं किया जाएगा। उस के बाद जैसा कि श्री द्विवेदी ने कहा है, हमें दो-तिहाई आदि की बात नहीं करनी चाहिए। हम उस को छोड़ देते हैं। किसी ने खूब कहा है, "न हंस कर सीखा है, न हम ने रो कर सीखा है, जो कुछ भी सीखा है, किसी का हो कर सीखा है।" आज हम जो कुछ भी सीखेंगे, जो कुछ भी पायेंगे, वह हम एक दूसरे के हो कर पाएंगे, एक दूसरे का मजाक उड़ा कर या एक दूसरे के प्रति रोना रोकर नहीं पायेंगे। जिन लोगों को बिना बात, बिना मौसम, हंसी आती है, उन से मैं यह बात कहना चाहती हूं कि एक दूसरे पर हंस कर, मजाक उड़ा कर, रो कर और गाली दे कर अपनापन नहीं आने वाला है और नहीं आयेगा। अगर अपनेपन की

[श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा]

भावना लानी है, तो वह एक दूसरे का हो कर ही लानी होगी। इसलिए मैं श्री वाजपेयी, श्री मधु लिमये, कम्यूनिस्ट पार्टी के सदस्यों और डी० एम० के० के सदस्यों से अदब के साथ यह अपील करना चाहती हूं कि—"उन को आता है मेरे प्यार पर गुस्सा, हम को गुस्से पर प्यार आता है"—वे एकता की भावना के साथ और एकता की भाषा में बोलने की कोशिश करें। कम से कम मजाक न उड़ायें। कम से कम एक बात का तो फैसला कर लें कि हिन्दी की बात आए और हिन्दी के विरोध में कोई बात बोली जाए तो आप तालियां बजाना बन्द कर दें। आप ताली बजाते हैं तो लाखों और हजारों लोगों के कलेजे पर छुरी चलती है। इस बात का एहसास करें। एक बात का फैसला और आप करें। हिन्दुस्तान की एकता को कसम खाने वाले लोगों से मैं कहना चाहती हूं कि अगर हम से आप उम्मीद करते हैं कि हम आप के जख्मों पर मरहम लगाएं, हम आपको समझने की कोशिश करें तो मेहरबानी कर के हम को समझने की कोशिश कीजिए।

इसलिए अध्यक्ष महोदय, जो सुझाव श्री सुरेन्द्रनाथ द्विवेदी जी ने दिए हैं और जो अमेंडमेंट्स सुचेता जी ने दिए हैं, उनका यही एक विचार है कि उस में यह साफ हो जाय कि अंग्रेजी-हिन्दी पर नहीं लादी जायगी और हिन्दी अहिन्दी-भाषियों पर तब तक नहीं लादी जाएगी जब तक वह न चाहें। इस की मान्यता सरकार को माननी चाहिए। इस के साथ-साथ मैं एक बात और भी कहती हूं उन लोगों के लिए जो आज इस बात को समझते नहीं हैं। हमारे बच्चे जो आन्दोलन कर रहे हैं शायद वह इस बात को नहीं समझते हैं अध्यक्ष महोदय। परन्तु मैं यहां पर एक बात आप के सामने रखना चाहती हूं। वह यह कि हमारे देश में हम ने मान्यता दे दी क्षेत्रीय भाषाओं को। तमिल मद्रास में पढ़ायी जाएगी। बिहार में हिन्दी पढ़ायी जाएगी। आन्ध्र में तेलुगू पढ़ायी जाएगी। पंजाब में पंजाबी पढ़ायी जाएगी। बंगाल में बंगाली पढ़ायी जाएगी। सारे हिन्दुस्तान की सीमाओं को हम ने एक माना है अपनी नौकरियों के लिए। मैं आप के सामने कहती हूं इस बात को, एक मद्रासी नवजवान अफसर या एक तेलुगू प्रदेश का अफसर हमारे बिहार में आता है तो हमें बड़ी खुशी होती है क्योंकि हमें कभी कभी ऐसा लगता है कि जातीयता, प्रान्तीयता आदि से ऊपर उठकर वह काम करता है। हम तो चाहते हैं कि इस तरह की एकता हमारे देश में आए। परन्तु मैं उन लोगों से पूछना चाहती हूं जिन्हों ने इस बात को मान लिया कि क्षेत्रीय भाषा में पढ़ाई हो, उस के बाद क्षेत्रीय भाषा में पढ़ाई होने के बाद जब हम सीमा में बंध जाएंगे, जब तमिलनाड की भाषा तमिल होगी, तेलुगू प्रदेश की भाषा तेलुगू होगी, मैसूर की भाषा कन्नड़ होगी, पंजाब की भाषा पंजाबी होगी, तो कौनसी भाषा में तामिलनाड का आदमी महाराष्ट्र में जाएगा और महाराष्ट्र का आदमी बंगाल में जाएगा तो बात करेगा? कौन सी भाषा में बात करेगा? इस बात का मुझे जवाब दें?

SHRI NAMBIAR : We will learn Hindi when we go to Bengal but do not impose it on us.

श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा : मैं मानती हूं इस बात को। मैं भी सिर्फ यही चाहती हूं कि दस वर्षों के अन्दर आप इस बात को महसूस करें कि आपको करना है, वरना आप पीछे रह जाएंगे। मैं इस बात को इसलिए कहना चाहती हूं, आप एक उदाहरण के लिए ले लें कि एक तामिलनाड के लड़के ने तामिल में शिक्षा पाई, हिन्दुस्तान की नौकरी में उसको चुन लिया गया और अखिल भारतीय सरकार का वह मुलाजिम हो गया। उसके बाद जो भी आल इंडिया सर्विसेज के लिए आए उससे कहा जाता है कि आप अपने प्रदेश में नही जाएंगे, आप दूसरे किस प्रदेश में

में जाना चाहते हैं लिख कर दे दीजिए। वह लड़का या लड़की लिख कर दे देते हैं कि हम इन प्रदेशों में जाएंगे। उस समय भी वही प्रथा रहेगी और हिन्दुस्तान को आप को एक में रखना है। तो जब उन प्रदेशों में वह लड़का या लड़की जाएगा, मान लीजिए मद्रास के किसी नवजवान लड़के ने यह कहा कि मैं महाराष्ट्र जाऊंगा तो मैं यह पूछना चाहती हूं कि जब वह महाराष्ट्र जाएगा तो उस के लिए जरूरी होगा या नहीं कि भाषा ऐसी जाने जिससे कि महाराष्ट्र के लोगों से आदान प्रदान कर सके। उस के बाद वह हो सकता है कि गुजरात जाए, बंगाल जाए। तो उस के लिए सभी क्षेत्रीय भाषाओं का सीखना तो मुश्किल होगा। इसीलिए उस के लिए जरूरत इस बात की होगी कि एक ऐसी भाषा वह जाने जिससे वह कम से कम हिन्दुस्तान के हर कोने में उस को लोग समझ सकें और वह लोगों को समझ सके। और हिन्दी.....(**व्यवधान**).....यह आप के चाहने या न चाहने से नहीं, बल्कि यह सत्य है, यथार्थ है, इससे आप आंखें बन्द नहीं कर सकते कि हिन्दी जान कर कन्याकुमारी जा कर के भी लोगों को हम पाते हैं जिनसे बातचीत कर सकें। मैं तो अभी मद्रास गई पब्लिक एकाउंटस कमेटी की मीटिंग थी। मद्रास के गेस्ट हाउस का जो बेयरा था मैं उससे अंग्रेजी में बात करूं वह हिन्दी में जवाब दे। मैं तो इतनी खुश हो गई, मैंने कहा कि भइया, मैं तो समझती थी कि तुम हिन्दी नहीं जानते, पर तुम तो इतनी अच्छी हिन्दी बोलने लगे तो मैं तो हिन्दी में ही तुम्हारे साथ बात करूंगी। अभी भी डी०एम०के० के लोग हमें हमेशा कहते हैं कि तारकेश्वरी जी, हिन्दी में बोलिए, हम सुनना चाहते हैं। तो ऐसी बात तो है न कि चाहे कन्याकुमारी हो, चाहे हिमालय हो, चाहे पश्चिम बंगाल का मुर्शिदाबाद हो चाहे महाराष्ट्र में सांगली हो, हिन्दी जानने वाला आदमी कहीं भी अपने को समझा सकता है और दूसरे की बातें समझ सकता है। इसलिए इस बात की जरूरत है.....

SHRI NAMBIAR : Go slow with Hindi.

श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा : परन्तु मैं नम्बियार साहब से यही कहना चाहती हूं कि कोट-पैंट पहन लेने के बाद और फाउंटेन पेन लगा लेनेके बाद इस बात का एहसास रखें कि आप के बच्चों को भी कोट-पैंट पहनने और फाउंटेन पेन लगाने की सुविधा हो जाये। मैं यही कहना चाहती हूं। यह लड़के तो तामिलनाड वालों ने कहा कि हम हिन्दी नहीं पढ़ायेंगे, मैं कहती हूं कि तामिलनाड ने अपने बच्चों के साथ अन्याय किया है। हिन्दी नहीं पढ़ायेंगे तो जायेंगे कहां ?

SHRI V. KRISHNAMOORTHI (Cuddalore) : Don't bother about that. We know how to protect our children.

श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा : जरूर बादर करेंगे। जरूर कहेंगे क्योंकि मद्रास हमारे देश का हिस्सा है। आप को नहीं जरूरत है लेकिन देश ने आप को वकालत नहीं करने को कहा है मद्रास की। मद्रास की वकालत हम को भी करने को कहा है। इस बात की आपको परेशानी नहीं होनी चाहिए। आप न बात कीजिये और आप नहीं चाहते हैं। लेकिन यह अगर आप समझते हैं कि सिर्फ आप ही हैं जो मद्रास के बारे में बात कर सकते हैं तो यह बात नहीं है। हम लोगों को हक है सारे देश के बारे में बात करनें का। इसलिए मैं कहना चाहती हूं कि उन बच्चों के लिए इस बात का इन्तजाम कीजिये कि कम से कम वह हिन्दी पढ़ें, वह दूसरी भारतीय भाषा पढ़ें, मराठी पढ़ें, पंजाबी पढ़ें, गुजराती पढ़ें, बंगाली पढ़ें, तेलुगू पढ़ें, कन्नड़ पढ़ें, जिससे कि उन का रास्ता थोड़ा फैलाव का हो जाये, खुल जाय सारे हिन्दुस्तान में भ्रमण करने के लिए। उन को रेगिस्तान में मत चलाइए। वह बच्चे नासमझ हैं। उन बच्चों को समझाने की जरूरत है। परन्तु आप उन बच्चों के साथ इतने बच्चे न बन जाइए कि अपने को भी ले डूबिए और उन बच्चों को भी ले डूबिये।

इन्हीं शब्दों के साथ अध्यक्ष महोदय, मैं इस बात के लिए फिर से अपील कर के बैठती हूं कि यह सदन इस भाषा विधेयक को पास करेगा संशोधन के साथ जो संशोधन मुख्यत: इस बात

[श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा]

का है कि हिन्दी अहिन्दी-भाषी प्रान्तों पर नहीं लादी जायेगी और अंग्रेजी हिन्दी भाषी प्रान्तों पर नहीं लादी जायगी। इस संशोधन के साथ भाषा विधेयक पास हो। और एक खूबसूरती से, एकता की भावना से हम आठ दिन के बाद इस संसद भवन के बाहर निकलें तो हम हिन्दुस्तान की एकता के नाम पर सिर उठा कर चल सकें। इन्हीं शब्दों के साथ मैं इतना ही कह कर बैठना चाहती हूं कि हम एक हैं, एक हो कर रहेंगे। सिर्फ ऐसे लोगों को जरा समझा दीजिए कि उस एकता पर कुल्हाड़ी चलाने की कोशिश न करें। अगर कुल्हाड़ी चलाने का ढंग नहीं आता हो तो कुल्हाड़ी हाथ में नहीं पकड़नी चाहिए। मैं इतना ही कह कर बैठती हूं।

SHRI R. R. SINGH DEO (Bolangir): Mr. Chairman, Sir, even though the Official Language (Amendment) Bill, 1967 is not what I should have wished it to be I intend to support it.

The purpose of the Bill is very clearly mentioned in the Statement of Objects and Reasons. It is in accordance with the assurances given by the Prime Ministers from time to time that Hindi will not be imposed on any non-Hindi speaking State which is not prepared to accept it. I appreciate this stand fully because in a federal democratic country like India, we have to take the views of every State into consideration and nothing can be imposed against the will of the people, and more so a language.

A great amount of heat is generated by the Hindi protagonists about this Bill. They forget the basic fact that over-enthusiasm and over-doing are very often misunderstood and, therefore, resented. Even a just cause might evoke resentment if it is overdone. Their love for their mother-tongue is perfectly justified....

श्री रामसेवक यादव : यह उच्चारण ठीक नहीं है अध्यक्ष महोदय।

SHRI R. R. SINGH DEO: You keep quiet. (*Interruption*)

MR. CHAIRMAN: Don't interrupt him.

SHRI R. R. SINGH DEO: But their mother-tongue is not the mother-tongue of everybody in India. If that was so there would have been no problem. But India being a multi-lingual country, the lovers of Hindi must learn to respect the other people's mother-tongue. Hindi has already got the official recognition and to that extent they must feel happy. No other language has received so much official patronage and till now, the other languages have developed on their own.

There is an opinion expressed now to do away with English. It seems that those who say this cannot see the realities. If every State develops its own language, how would they communicate with their neighbours? No State would understand the other and it would lead to utter confusion. We must develop a common link before such a step could be taken. Do they want the Indians to become foreigners in their own country?

At a time when each Indian should strive for national integration, regionalism and unhealthy attempts to impose Hindi would be a great blow. We have provincialism, casteism, and communalism, which have hindered the progress of national integration substantially. If we add to all these another disturbing element known as linguism, it would lead to further weakening of national integration. Country comes above everything else. No sacrifice is great enough for the preservation of the country. We had an unfortunate Partition for political reasons. Having become wiser after that Partition, nothing should be done to further weaken India.

Hindi protagonists do not know the feelings of the non-Hindi-speaking States. They are all mobilising public opinion in Hindi-speaking States only where it is easy to gather support on a popular issue like this. If they are so confident about their cause, why do they not go to the non-Hindi-speaking States to popularise Hindi? If they succeed in convincing the non-Hindi-speaking States that the panacea is the acceptance of Hindi by them and if they accept it, the problem would be solved. But instead of that, mobilising public opinion in a place which gets benefited, only isolates the area from others and does no good to it.

I know of certain areas in Bihar where linguistic minorities are forced to learn Hindi. Even the minimum concessions provided in the Constitution are not made available to them. There is a systematic and regular attempt to abolish the Oriya language, culture and tradition from that area by the use of all official machinery and when that does not yield results, schools are closed, Oriya teachers are re-trenched and even hooliganism is used to intimidate the Oriya-speaking population to learn Hindi. But is that possible all over India ?

Political parties are trying to draw their strength from this means. It is a wrong move for any political party to gain strength by weakening India. Sir, if India lives, they live. Therefore, they would be well advised not to try to play up people's sentiments for partisan ends at the risk of the disintegration of the country.

16.55 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

The Bill offers all facilities to Hindi for those who accept it. In fact it has a better status than English. Time is given to lovers of Hindi to convince more and more people to accept it and until it is accepted, use of English is permitted. Therefore, there is nothing wrong in allowing more time for persuasion.

I do not want to repeat whatever has been said about English before, but the point which needs reiteration is that English is the international language, understood all over, developed in literature, science and technology. Those of them who are educated in English can make the best use of it. Sir, world has become much smaller after scientific advancement and we can now cover months' distance in hours. So, what is the idea in trying to insulate ourselves in the world which is growing smaller and smaller, by refusing an advantage we enjoy ?

Hindi language needs a lot of development to come to the level of languages like Bengali and Tamil. Even with spoon-feeding by this Government that has not been achieved. Original literature in Hindi is still lacking. Efforts must be made by Hindi writers to make the Hindi language more attractive. I know of people learning Bengali just to read Rabindranath in original, not because Bengali is a national language. So it is the quality of literature which attracts people of other languages to it.

In conclusion, Sir, I would appeal that no attempt should be made to oppose this Bill, which gives only the minimum facilities to non-Hindi speaking areas. The tolerance shown by non-Hindi speaking States should be appreciated by the Hindi-speaking States. According to the three-language formula, non-Hindi States seriously and sincerely started learning Hindi, but it is a matter of great regret that no South Indian language could make any headway in the north. Sir, unless the people of the north follow the maxim of give-and-take, they should not expect the same from others.

SHRI NAMBIAR : We will start Tamil classes for M.Ps. here.

SHRIMATI SUCHETA KRIPALANI : We have already started Tamil classes in U.P.

SHR R. R. SINGH DEO : In the end I would again appeal to the Hindi lovers to make our country their first love and then their language.

श्री अमृत नाहाटा (बाड़मेर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं माननीय श्री द्विवेदी तथा माननीय सदस्या श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा द्वारा व्यक्त की गई भावनाओं का आदर करता हूं और उन का समर्थन करता हूं ।

श्रीमन्, आज हमारे देश में सब से बड़ी जरूरत राष्ट्रीय एकता की है, मैं राष्ट्रीय एकता को सब से अधिक महत्व देता हूं । आखिर भाषा हमें किस लिये चाहिये, हमें हिन्दी चाहिए राष्ट्र की एकता के लिये, लेकिन यदि हम ने भाषा के प्रश्न को लेकर राष्ट्र की एकता को कमजोर किया तो न हम राष्ट्र की सेवा करेंगे न भाषा की सेवा करेंगे ।

एक माननीय सदस्य : अंग्रेजों की गुलामी फिर से मंजूर कर लो ।

श्री अमृत नाहाटा : अगर इसी आजादी से देश के टुकड़े होते हों तो मैं निश्चय ही

[श्री अमृत नाहाटा]

गुलामी पसन्द करूंगा बनिस्बत इसके कि देश के टुकड़े हो जायें... (**व्यवधान**)।

मैं यह निवेदन कर रहा था कि आज प्रश्न हिन्दी का है, राजभाषा का है लेकिन मैं अपने दोस्तों से पूछना चाहूंगा कि अगर राष्ट्र ही नहीं रहेगा तो हम राष्ट्रभाषा और राजभाषा को लेकर क्या करेंगे ? कौन से राष्ट्र की भाषा हम बोलेंगे ?

एक माननीय सदस्य : प्रश्न अंग्रेजी के हटाने का है हिन्दी लाने का नहीं है।

17 hrs.

श्री अमृत नाहाटा : यहां मैं उस के साथ सहमत हूं।

एक माननीय सदस्य : आप राष्ट्र के माने समझते हैं ? राष्ट्र के माने कांग्रेस नहीं है।

श्री अमृत नाहाटा : मैं राष्ट्र के माने आप से अधिक समझता हूं बाक़ी मैं इस समय उलझना नहीं चाहता।

मैं यह निवेदन कर रहा था कि आज भाषा के प्रश्न को लेकर जिस प्रकार की हिंसा, जिस प्रकार की भावनाओं को उभारने का, जिस प्रकार के उद्वेगों को उद्वेलित करने का प्रयत्न किया जा रहा है मैं इन के साथ अपने आप को सहमत होता हुआ नहीं पाता हूं। गैल्सवर्थी ने अपने 'लायलटीज' नामक नाटक में एक जगह लिखा है :

"People take sides quite outside the issue."

मेरी यह निश्चित मान्यता है कि आज उत्तर-प्रदेश में, दिल्ली में, लखनऊ में या आगरे में जो विद्यार्थी आज फरनीचर तोड़ रहे हैं, या कांच तोड़ रहे हैं या आग लगा रहे हैं वह अनुचित व गलत काम कर रहे हैं और देश की एकता के लिए वह नुक्सानदेह बात है। मुझे खेद के साथ कहना पड़ता है कि उन को गलत तरीक़े से भड़काया गया है और इस बिल के विरुद्ध उन में भ्रामक प्रचार किया गया है, सही तौर से इस बिल के बारे में विद्यार्थियों को बताया नहीं गया है। केवल उन की भावनाओं को उभारने के लिए कहा गया है कि इस प्रकार से अंग्रेजी लादी जा रही है और हिन्दी को खत्म किया जा रहा है। इस प्रकार का ग़लत प्रतिनिधित्व करके गलत किस्म के भावनाओं को उभार कर हम हिन्दी की सेवा नहीं कर रहे हैं, हम राष्ट्रीय एकता को मजबूत नहीं कर रहे हैं। इस बारे में मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि मेरे क्षेत्र में लोगों को चाहे वह जयपुर के हों, चाहे जोधपुर के हों और चाहे वे जैसलमेर के हों उन के दिलों में हिन्दी के लिए वही प्यार है, हिन्दी के लिए वही उत्साह है जैसे कि अन्य हिन्दी भाषा भाषी लोगों के दिलों में है। हिन्दी को वह अपनी राजभाषा मानते हैं। वह चाहते हैं कि हिन्दी समूचे देश की भाषा हो और सारे देश में हिन्दी बोली जाये लेकिन यदि कोई दल वहां ग़लत तरीक़े से प्रचार करके उन को भड़काने की कोशिश करेंगे तो हम उन के सामने सीना तान कर खड़े हो जायेंगे।

मेरा यह मत है कि जो बिल और प्रस्ताव आज सदन के सामने आया है वह हिन्दी की अभिवृद्धि के लिए है, हिन्दी को आगे बढ़ाने के लिए है, हिन्दी की वह सेवा करने के लिए है न कि हिन्दी के रास्ते में रुकावटें डालने के लिए है। मैं उन का सामना करने को तैयार हूं मैं उन्हें समझाऊंगा और मुझे विश्वास है कि वह इस बात को मानेंगे। मैं केवल यही कहना चाहता हूं कि जब हम इतनी गम्भीर समस्या पर विचार करते हैं तो ज़रा संयम से, ज़रा संजीदगी से और ज़रा भावनाओं से ऊपर उठ कर इस विधेयक और इस प्रस्ताव को बहुत ही औबजैक्टिव ढंग से देखें कि आया वह आज की परिस्थिति में हमारी आशाओं की पूर्ति करता है अथवा नहीं करता है ? इसी दृष्टिकोण से उपाध्यक्ष महोदय, मैं कुछ बातें आप के सामने निवेदन करना चाहता हूं।

मेरी यह निश्चित मान्यता है कि जो त्रिभाषी फारमूला बनाया गया वह बहुत ही संजीदगी से, बहुत गम्भीर विचार विमर्श

करने के बाद और बहुत दृढ़ता के साथ बनाया गया और मैं उस का तहेदिल से समर्थन करता हूं। लेकिन साथ ही मेरी निश्चित मान्यता है और मुझे अफसोस इस बात का है कि इस त्रिभाषी फारमूले को अपनाने के बाद ईमानदारी से, दृढ़ता के साथ और संकल्प के साथ इस त्रिभाषी फारमूले को कभी कार्यान्वित नहीं किया गया। मुश्किल यही है कि जब कुछ सही निश्चय लिया जाता है और जब उस सही निश्चय को कार्यान्वित नहीं किया जाता है तो तरह तरह की समस्याएं उठ खड़ी होती हैं, तरह तरह की गलतफहमियां उठ खड़ी होती हैं और फिर हम उन में उलझ कर रह जाते हैं। लेकिन यह केवल त्रिभाषी फारमूले की ही बात नहीं है हमारी सरकार के बारे में अक्सर यह राय है कि वह बहुत अच्छी नीतियां निर्धारित करती है, बहुत अच्छा फारमूला निर्धारित करती है, बहुत अच्छा कार्यक्रम बनाती है लेकिन उनका क्रियान्वन नहीं होता। यह कम से कम जो प्रस्ताव हमारे सामने आया है, जो विधेयक हमारे सामने आया है एक आशा बंधती है कि भविष्य में कम से कम बहुत दृढ़ता के साथ, संकल्प के साथ इस त्रिभाषी फारमूले पर अमल किया जायगा, ऐसी मैं आशा व्यक्त करना चाहता हूं।

